# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर – 302018

---

## –: प्रेस–नोट :–

बोर्ड की विगत समय में आयोजित परीक्षाओं में अभ्यर्थियों की संख्या अत्यधिक होने के कारण एक ही परीक्षा एक से अधिक चरणों (Shifts) में आयोजित की जाती रही हैं। एक परीक्षा को भिन्न–भिन्न चरणों में अयोजित करने पर प्रत्येक चरण के प्रश्न–पत्र की कठिनाई का स्तर (Difficulty Level) भिन्न होने की संभावना बनी रहती है। अतः सभी चरणों के प्रश्न–पत्रों के Difficulty Level में समानता लाने के लिए बोर्ड द्वारा विशेषज्ञों की राय/अनुशंषा के अनुसार **Z-Formula** लागू कर परीक्षा परिणाम जारी किया जाता रहा है।

गठित कमेटी ने विभिन्न भर्ती ऐजेन्सीयों द्वारा नॉर्मलाइजेशन (Normalization) हेतु लागू किये जा रहे फार्मूलों (Formula) का परीक्षण कर कर्मचारी चयन आयोग (SSC) द्वारा गत माह से नॉर्मलाइजेशन (Normalization) हेतु लागू किये गये Equipercentile Formula को, बोर्ड (RSSB) द्वारा एक से अधिक चरणों में आयोजित करवायें जाने वाली भर्ती परीक्षाओं में लागू करने की अंभिशंषा की है।

अतः उपरोक्त गठित समिति की अभिशंषा के आधार पर राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने यह निर्णय लिया है कि **"आज दिनांक 25 जुलाई 2025 से बोर्ड द्वारा आगामी नॉर्मलाइजेशन (Normalization) प्रक्रिया यानि बोर्ड (RSSB) द्वारा एक से अधिक चरणों में आयोजित करवायें जाने वाली भर्ती परीक्षाओं में नॉर्मलाइजेशन (Normalization) हेतु Equipercentile Formula लागू किया जायेगा, जो कि समय–समय पर बोर्ड द्वारा अधिसूचित (Notified) किया जायेगा। प्रहरी सीधी भर्ती–2024 जिसका आयोजन एक से अधिक चरणों में करवाया जा चुका है, इस कारण उसमें भी नॉर्मलाइजेशन (Normalization) हेतु Equipercentile Formula लागू किया जायेगा "।**

सचिव

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 2025.07.25 16:41:40 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 16789151